कंपनी में काम करते समय नीचे गिरने से श्रमिक की मौत

- उद्योग नगर थाना क्षेत्र की कंपनी में हुआ हादसा, पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाकर शुरू की पोस्टमार्टम की कार्रवाई

अलवर। शहर के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में एक कंपनी में काम करते समय नीचे गिरने से 46 वर्षीय श्रमिक की मौत हो गई। हादसे के बाद गंभीर हालत में श्रमिक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई।

उद्योग नगर थाने की एएसआई साधुराम ने बताया कि मृतक की पहचान कमलेश पुत्र विश्वकर्मा निवासी उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 46 वर्ष थी। कमलेश उद्योग नगर थाना क्षेत्र स्थित एक कंपनी में श्रमिक के रूप में कार्यरत था। काम के दौरान अचानक नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है, ताकि मौत के कारणों की पुष्टि हो सके।

पुलिस कंपनी में हुए हादसे से जुड़े घटनाक्रम की जानकारी जुटा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि श्रमिक किन परिस्थितियों में नीचे गिरा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आगरा-जयपुर मार्ग पर ड्राइवर ने शराब के नशे में बस दौड़ाई, पुलिस के हवाले किया

- महिला परिचालक पूजा शर्मा बनी यात्रियों की ढाल, पुलिस चौकी पर रुकवाकर बचाई जान।

भरतपुर (निसं)। आगरा से जयपुर जा रही अनुबंधित रोडवेज बस में उस समय हड़कंप मच गया, जब चालक कथित तौर पर शराब के नशे में बस को अनियंत्रित तरीके से चलाने लगा। चालक ने कई जगह बस को सड़क किनारे गड्ढों में उतारने का प्रयास किया और निर्माण कार्य के दौरान बैरिकेडिंग से भी बस टकरा दी।

यात्रियों की शिकायत और चालक की लापरवाही को देखते हुए महिला परिचालक पूजा शर्मा ने सूझबूझ दिखाते हुए यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी और बस को सारस चौराहा स्थित पुलिस चौकी पर रुकवाया। यहां चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके बाद सभी यात्रियों को दूसरी बस में बैठाकर सुरक्षित रवाना किया गया। जानकारी के अनुसार आगरा बस स्टैंड से जयपुर के लिए रवाना हुई अनुबंधित रोडवेज बस में सफर कर रहे यात्रियों को कुछ देर बाद ही चालक की



शराब के नशे में बस को अनियंत्रित तरीके से चलाने लगा।

गतिविधियों पर संदेह होने लगा। गोलपुर बाईपास के पास यात्रियों ने बस के अनियंत्रित होने की शिकायत महिला परिचालक पूजा शर्मा से की। इसके बाद सड़क निर्माण कार्य के दौरान चालक ने बस को बैरिकेडिंग से टकरा दिया। यात्रियों का आरोप था कि चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा था और कई जगह बस को गड्ढों में उतारने का प्रयास कर रहा था।

महिला परिचालक पूजा शर्मा के अनुसार चालक के मुंह से शराब की तेज गंध आ रही थी। उन्होंने चालक को बस से उतरने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं उतरा। इसके बाद यात्रियों ने भी चालक को बस से उतारने का प्रयास किया। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए परिचालक बस को सारस चौराहा स्थित पुलिस चौकी तक लेकर पहुंचीं और चालक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

महिला परिचालक पूजा शर्मा ने बताया कि सभी यात्रियों को किराये का रिफंड कर दूसरी बस में बैठाकर सुरक्षित रवाना कर दिया गया है। उनकी सूझबूझ और जिम्मेदारी से संभावित बड़ा हादसा टल गया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर प्रजापति नवयुवक समिति ने कसी कमर

- 25 दिसंबर को गूंजेगी प्रतिभाओं की सफलता की गूंज; 10000 पंपलेट छपवाकर समाज के हर घर तक दस्तक देगी समिति

अलवर। समाज की बदलती जरूरतों, फिजूलखर्ची पर अंकुश और सामाजिक समरसता को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से प्रजापति नवयुवक समिति, अलवर ने आगामी बड़े आयोजनों की रूपरेखा तैयार कर ली है। समिति की एक महत्वपूर्ण और ऊर्जावान बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 10 मार्च को प्रस्तावित आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गहन मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम संयोजक राम बिहारी प्रजापति ने की। इस दौरान सम्मेलन को ऐतिहासिक, भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कई ठोस रणनीतियों पर मुहर लगाई।

बैठक का सबसे प्रमुख आकर्षण जमीनी स्तर पर जनसंपर्क अभियान रहा। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समिति के पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता अलवर जिले के दूरदराज क्षेत्रों, प्रत्येक गांव और ढाणी तक पहुंचेंगे। टीम के सदस्य घर-घर जाकर समाज के परिवारों से सीधा संवाद करेंगे और विवाह योग्य वर-वधुओं के अभिभावकों को सामूहिक विवाह सम्मेलन की महत्ता से अवगत कराएंगे। वक्ताओं ने कहा कि सामूहिक विवाह आज के समय की आवश्यकता है, जिससे न केवल आर्थिक बोझ कम होता है, बल्कि समाज में भाईचारे और एकता की भावना भी सुदृढ़ होती है। प्रचार-प्रसार को तेज गति देने और समाज के हर अंतिम व्यक्ति तक सूचना पहुंचाने के लिए 10000 पंपलेट छपवाने का फैसला लिया गया है।

सूने मकान से लाखों के जेवरात व 2 लाख रुपए की नकदी चोरी

छबड़ा (निसं)। यहां चोरी की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोरों ने प्रेमजी होटल वाली गली में एक सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और करीब 2 लाख रुपए की नकदी चोरी कर ली। घटना के समय परिवार शादी समारोह में शामिल होने कोटा गया हुआ था। देर रात घर लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले और अंदर सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर दो लोगों पर संदेह जताते हुए छबड़ा थाने में परिवाद पेश किया है।

प्रेमजी होटल वाली गली निवासी युसुफ ने थाने में दिए परिवाद में बताया कि 19 नवंबर को वह कोटा में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। रात करीब डेढ़ बजे घर लौटे तो मकान के ताले टूटे हुए मिले। अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था तथा अलमारी में रखे जेवरात और नकदी गायब थी। चोर मकान से करीब दो तोला सोना, आधा किलो चांदी, 2 लाख रुपए नकद, सोने का टूटा हुआ हार, करीब 250 ग्राम की पायल, 20-25 बिछुड़ी, चांदी की चार जोड़ी तोड़ियां सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

पीड़ित ने वारदात के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। परिवाद के अनुसार मकान के समीप स्थित एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे रात 11 बजकर 11 मिनट पर बंद थे। वहीं आगे स्थित मकान के कैमरों में दो व्यक्ति मकान में प्रवेश करते दिखाई दिए। पीड़ित ने इन व्यक्तियों की पहचान आपतात और सादाब के रूप में बताते हुए हुसैन पर भी चोरी करवाने का संदेह जताया है। युसुफ ने पुलिस को दिए परिवाद में सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच करवाने, चोरी की वारदात का खुलासा करने तथा नियमानुसार जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

कोटा, (निसं)। प्रेम प्रकाश आश्रम में कार्तिक महोत्सव एवं दिव्य सत्संग समारोह के अवसर पर रविवार को सुबह बोरखेड़ा में देवाशीष सिटी के पास छोटी नहर के समीप निर्माणाधीन श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान सद्गुरु स्वामी भगत प्रकाश महाराज के सानिध्य में निर्माणाधीन आश्रम का निरीक्षण किया। साथ ही मानव सेवा के उद्देश्य से निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर प्रभारी डॉ. एच.एन. सोनी ने बताया कि शिविर में डॉ. सुरेश छाबड़ा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ.पार्थ जेठवानी डायबिटीज थायराइड विशेषज्ञ, डॉ. अकुंर जैन, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. भारती छाबड़ा, डॉ ट्विंकल चंगलानी, दन्त रोग विशेषज्ञ ने अपनी अपनी सेवाएं दी। चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को चिकित्सा का लाभ मिला। इसके बाद प्रकाश मण्डलाध्यक्ष स्वामी भगतप्रकाश जी महाराज देश-विदेश से पधारे स्वामी मनोहर प्रकाश महाराज, सन्त हरिओम, सन्त कमल, सन्त माणिक, सन्त ढालू राम संत मंडली द्वारा दिव्य सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन किया गया।

तीन चिकित्सकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

- गर्भवती महिला की मौत का मामला
- अनुसंधान अधिकारी और मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों के खिलाफ भी विभागीय जांच के आदेश

भरतपुर (निसं)। ऑपरेशन के दौरान गर्भवती महिला के उपचार में लापरवाही के मामले में एसीजेएम न्यायालय की न्यायाधीश बबीता वर्मा ने तीन चिकित्सकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर उन्हें न्यायालय में तलब किया है। न्यायालय ने अनुसंधान अधिकारी और मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों के खिलाफ भी विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

अधिवक्ता आरिफ हामिद खान ने बताया कि मुरैना निवासी रॉकी गोयल पुत्र गजेंद्र गोयल ने न्यायालय में इस्तगासे के माध्यम से 13 फरवरी 2023 को निहालगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। परिवाद में बताया गया कि उसकी बहन शिल्पी को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन 30 अक्टूबर 2022 को डॉ. बीएम मंगल के क्लीनिक पर लेकर पहुंचे थे। वहां डॉ. बृजमोहन मंगल ने जांच के बाद करीब आधे घंटे में ही ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन के अगले दिन शिल्पी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उसे आगरा के रवि अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच में मल्टी ऑर्गन फेल्योर की स्थिति सामने आई। उसी रात करीब 8 बजे उसकी मृत्यु हो गई।

मामले की जांच तत्कालीन उप निरीक्षक केदारनाथ गुर्जर ने की थी। चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड से भी प्रकरण की जांच कराई गई। बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर अनुसंधान अधिकारी ने न्यायालय में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) पेश कर दी थी। इसके बाद पीड़ित पक्ष की ओर से एफआर के खिलाफ प्रोटेस्ट याचिका पेश की गई।

इस पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने डॉ. बृजमोहन मंगल, डॉ. जमुना दास और डॉ. अरविंद बंसल को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए गिरफ्तारी वारंट से तलब किया है।

न्यायालय ने अनुसंधान के दौरान दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं किए जाने पर आईजी भरतपुर को पत्र लिखकर तत्कालीन अनुसंधान अधिकारी के विरुद्ध विभागीय जांच कराने और तीन माह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, मेडिकल बोर्ड के चिकित्सक डॉ. दीपक जिंदल, डॉ. मनोज सिंघल और डॉ. रोड गोयल के विरुद्ध भी संयुक्त निदेशक, चिकित्सा विभाग, भरतपुर को विभागीय जांच कर तीन माह में रिपोर्ट न्यायालय में पेश करने के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने इस संबंध में 27 पृष्ठों का आदेश जारी किया है।

पावटा में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

पावटा। भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने और नौनिहालों के सुरक्षित भविष्य के संकल्प के साथ रविवार, 22 नवंबर 2026 को जिलेभर में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के प्रथम दिन उप जिला अस्पताल पावटा के अधीन संचालित विभिन्न पोलियो बूथों पर कुल 940 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न बूथों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया। इस अवसर पर डॉ. रवि कुमार बंसल ने क्षेत्र के समस्त अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अभिभावक अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर 'दो बूंद जिंदगी की' अवश्य पिलवाए। कोई भी बच्चा पोलियो रोधी खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। अभियान के प्रभावी संचालन एवं मॉनिटरिंग के लिए डॉ. रवि कुमार बंसल द्वारा उप जिला अस्पताल पावटा से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम गठित की गई।

इसमें नोडल अधिकारी डॉ. एस.के. वर्मा तथा सुपरवाइजर कृपाशंकर शर्मा, नर्सिंग ऑफिसर सत्यनारायण गोंड एवं नर्सिंग ऑफिसर प्रहलाद आर्य सहित अन्य टीम सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आमजन से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने आसपास के सभी पात्र बच्चों को पोलियो की खुराक दिलवाने की अपील की, ताकि सामूहिक प्रयासों से भारत को पोलियो मुक्त बनाए रखने के संकल्प को मजबूती मिल सके।

भरतपुर: जिलों के 220 खिलाडियो के साथ आगाज़ होगा

- 71वीं राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026

भरतपुर। भरतपुर के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। जिला टेबल टेनिस संघ, भरतपुर के तत्वावधान में 71वीं राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026 का आयोजन 23 से 27 नवम्बर 2026 तक लोहागढ़ स्टेडियम, भरतपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन समारोह 23 नवम्बर 2026 को प्रात: 09:00 बजे आयोजित होगा।

इस 71वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में राजस्थान के 13 जिलों से लगभग 220 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत कुल 13 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे। इनमें बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्गों के साथ-साथ पुरुष एवं महिला वर्ग के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता मे भरतपुर, जंयपुर, कोटा, बीकानेर, जोधपुर, चूरू, अजमेंर, अलवर, पाली, गंगानगर, भीलवाडा, हनुमानगढ़, बाडमेर, की टीमे भाग ले रही है। खिलाड़ियों के अतिरिक्त राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक तथा खेल अधिकारी भी प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता निभाएंगे।

प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न तकनीकी एवं प्रबंधन संबंधी जिम्मेदारियां अनुभवी अधिकारियों को सौंपी गई हैं। अजमेर के अनिल दुबे प्रतियोगिता प्रबंधक की भूमिका निभाएंगे। पाली के किशन गहलोत रेफरी तथा कोटा की पंकजा शर्मा सहायक रेफरी के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। वहीं, अजमेर के शिवांक दुबे तकनीकी एवं कंप्यूटर संबंधी व्यवस्थाओं का दायित्व संभालते हुए प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों का संचालन निर्धारित खेल नियमों एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में समृद्ध भारत के निदेषक सीताराम गुप्ता, प्रमुख उद्योगपति व समाजिक कार्यकर्ता डा0 नरेन्द्र अग्रवाल, नगर निगम कमिषनर शरवन कुमार विषनोई के साथ अन्य भरतपुर के प्रबुद्वजन भाग लेंगे। जिला टेबल टेनिस संघ द्वारा खिलाड़ियों एवं खेल अधिकारियों के लिए आवास, भोजन, तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

अन्नकूट महोत्सव में हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी पाई

- भगवान को लगाया 19 ड्रम कढ़ी, पांच क्विंटल बाजरे और दो-दो क्विंटल मूंग-चावल का भोग

अलवर। अपना घर शालीमार स्थित श्रीराम मंदिर में रविवार को विशाल अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान के दर्शन कर अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को पंक्तिबद्ध बैठाकर प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही भक्तों को घर ले जाने के लिए भी प्रसाद दिया गया।

मंदिर के पुजारी मुरलीधर शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना घर शालीमार में विशाल अन्नकूट महोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। सुबह मंदिर में भगवान की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और इसके बाद विभिन्न व्यंजनों का भोग लगाया गया। अन्नकूट प्रसाद के लिए विशेष रूप से 19 ड्रम कढ़ी, पांच क्विंटल बाजरे, दो क्विंटल मूंग और दो क्विंटल चावल के साथ खीर एवं मिक्स सब्जी तैयार की गई।

उन्होंने बताया कि भगवान को भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण शुरू किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बैठने और प्रसाद ग्रहण करने की व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सेवा भाव से जुड़े लोगों ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

अन्नकूट महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर अपना घर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने आयोजन को विशेष बना दिया। दिनभर मंदिर में भजन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के बीच धार्मिक वातावरण बना रहा।

मोबाइल व पर्स लूट का 2 हजार रुपये का ईनाम बदमाश पकड़ा

- करीब 3 महीने से चल रहा था फरार

भरतपुर, (निंस)। रात्रि के समय टेंपो में यात्रा करने वाले यात्रियों से मोबाइल, पर्स और नकदी लूटने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अटलबंध थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के एक और इनामी बदमाश पवन जाटव को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से 2,000 रुपये का इनाम घोषित था और वह जिले के टॉप-10 इनामी बदमाशों में शामिल है। पुलिस के अनुसार, 31 अगस्त 2026 को कमला नगर, आगरा निवासी आमिर पुत्र इमामुद्दीन ने अटलबंध थाने में लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि 31 अगस्त की रात करीब 1:30 से 2:00 बजे के बीच वह हीरादास बस स्टैंड से एक टेंपो में बैठकर सारस चौराहा जा रहा था। इसी दौरान काली की बगीची से आगे एक अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए तीन युवकों ने टेंपो चालक के साथ मिलकर उसे डराया-धमकाया और उसका बैग छीन लिया। बैग में कपड़े, मोबाइल फोन और 3,000 रुपये नकद रखे थे। वारदात के बाद आरोपी पीड़ित को सड़क पर अकेला छोड़कर टेंपो और बाइक लेकर फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक (भरतपुर रेंज) प्रीति चंद्रा और जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) धर्मेंद्र यादव और वृताधिकारी (शहर) योगेश कुमार के सुपरविजन में अटलबंध थानाधिकारी हेमेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की।

खोया पाया

मेरे मकान नं. 5/205, मानसरोवर, जयपुर का मूल कब्जा पत्र एवं अदेय प्रमाण-पत्र कहीं खो गया है। कृपया मिलने पर सूचित करें-9314243533 शिवेन्द्र भटनागर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 799/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि मदनमोहन पालीवाल, ए-5. इन्द्रपुरी कॉलोनी, लालकोठी, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास डोरोली फाउण्डेशन, प्लॉट नं. ए-5, इन्द्रपुरी कॉलोनी, लालकोठी, जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.11.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 25.01.27
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर


108 कुण्डीय लक्षचण्डी महायज्ञ को लेकर पावटा में गूंजे वैदिक मंत्र

- 7 अप्रैल 2027 से शुरू होगा वर्षपर्यंत दिवा-रात्रि महायज्ञ
- 4 अप्रैल 2028 तक चलेगा भव्य धार्मिक अनुष्ठान; संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना

पावटा। कस्बे के श्री बाबा बालनाथ आश्रम, पावटा (बावड़ी) में रविवार को आगामी श्री शिवशक्त्यात्मक 108 कुण्डीय लक्षचण्डी महायज्ञ को लेकर भव्य भूमि पूजन एवं धर्मध्वजा स्थापना समारोह श्रद्धा, भक्ति और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। श्री श्री 1008 बाबा बालनाथ जी की दिव्य प्रेरणा एवं श्री श्री 108 बाबा बस्तीनाथ जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया।

भूमि पूजन के साथ ही महायज्ञ की तैयारियों का विधिवत शंखनाद हो गया। कार्यक्रम के दौरान विद्वान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक भूमि पूजन संपन्न करवाया। इसके पश्चात विधिवत पूजा अर्चना कर धर्मध्वजा स्थापित की गई। धर्मध्वजा स्थापना के साथ ही पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने महायज्ञ के सफल, निर्विघ्न एवं भव्य आयोजन की मंगलकामना करते हुए सनातन धर्म की जयघोष की। समारोह में राजस्थान सरकार की पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधायक शकुंतला रावत, पूर्व विधायक फूलचंद भिण्डा, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि जगदीश मीणा, चेयरमैन रोशन धनखड़, सुरेश गिठाला, अनिल सरपंच, कमलेश गुर्जर, डॉ. सुरेंद्र यादव, जीतू हुड्डा, पार्षद प्रत्याशी सुरेश डागर, पार्षद राहुल यादव, बुलाराम, भाजपा नेता जगन चौधरी, डॉ. नीलम यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालु मौजूद रहे।इस अवसर पर विकास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री शिवशक्त्यात्मक 108 कुण्डीय लक्षचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ 7 अप्रैल 2027 से होगा, जो 4 अप्रैल 2028 तक वर्षपर्यंत दिवा-रात्रि आयोजित किया जाएगा।

श्री बाबा बालनाथ आश्रम, पावटा (बावड़ी), जिला कोटपूतली-बहरोड़ में होने वाला यह विशाल धार्मिक अनुष्ठान क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व रखेगा। महायज्ञ में देशभर से संत-महात्माओं, धर्माचार्यों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।


जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित किया।

उपस्थित अतिथियों ने इस आयोजन को क्षेत्र की धार्मिक आस्था, सनातन संस्कृति और सामाजिक एकता को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण धार्मिक अवसर बताया। आयोजन से जुड़े लोगों ने धर्मप्रेमी बंधुओं एवं श्रद्धालुओं से महायज्ञ को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने की अपील की। भूमि पूजन एवं धर्मध्वजा स्थापना समारोह के साथ ही क्षेत्र में आगामी महायज्ञ को लेकर उत्साह और उत्सुकता का माहौल बन गया है। श्रद्धालुओं को अब इस ऐतिहासिक धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ का इंतजार है।

चारभुजानाथ मंदिर में उमड़ रहे श्रद्धालु

बूंदी (निसं)। कार्तिक मास के अवसर पर तिलक चौक स्थित जन-जन के आराध्य श्रीचारभुजानाथ मंदिर में प्रतिदिन विशेष धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो जाती है। मंगला आरती के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तजन पहुंच रहे हैं। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को केसर-पिस्ता युक्त दूध और पंचमेवा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है।

श्री चारभुजा विकास समिति के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक गर्ग ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक मास में मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। प्रतिदिन सुबह 5 बजे से श्रद्धालु भजन-कीर्तन में जुट जाते हैं। महिलाएं भजन गाते हुए मंदिर की परिक्रमा करधर्मलाभप्राप्त कर रही हैं। मंदिर के पुजारी पंडित गणेश शर्मा द्वारा भगवान श्रीचारभुजानाथ की प्रतिमा का पंचामृत से अभिषेक कर पुष्पों एवं पुष्पमालाओं से आकर्षक श्रृंगार किया जाता है। इसके बाद शंखनाद के बीच श्रद्धालुओं के साथ सामूहिक आरती की जाती है। सुबह 5:30 बजे होने वाली मंगला आरती में भक्तजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल होते हैं।

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 800/2026
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि करणी राम ओला, 64, शिवनगर, मुरलीपुरा, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत दक्षिणमुखी श्री पिपली के बालाजी पावनधाम सेवा समिति, प्लॉट नं. 71, पुराना 64, स्कीम 25, शिवनगर-II, मुरलीपुरा, जयपुर के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध मे आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले मे निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 17.11.26 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 25.01.27
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर

चोर रात के अंधेरे में वारदात को देते हैं अंजाम

निवाई। ग्रामीण क्षेत्रों में कुओं एवं ट्यूबवेलों पर लगी कृषि विद्युत मोटरों की केबल चोरी की घटनाएं लगातार सामने आने से किसानों में भारी रोष व्याप्त है। अज्ञात चोर रात के समय खेतों में स्थित कुओं एवं ट्यूबवेलों पर पहुंचकर मोटरों में लगी विद्युत केबल काटकर चोरी कर ले जाते हैं। आए दिन हो रही इन वारदातों से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाने के साथ ही सिंचाई व्यवस्था बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। किसानों मोतीलाल गुर्जर, देवालाल गुर्जर, रंगलाल गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर, भैरूलाल जांगिड़, शंकर कसाणा, हीरालाल पहाडिया, बद्री पहाडिया, केदार पहाडिया, गोविन्द नारायण भैण्डवाल व कैलाश चौधरी ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से एक चोर गिरोह सक्रिय है, जो सुनियोजित तरीके से खेतों में लगे कुओं को निशाना बना रहा है। चोर दिन के समय कुओं की रेकी करते हैं एवं रात होते ही मौका देखकर मोटरों में लगी कीमती विद्युत केबल काटकर ले जाते हैं। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचते हैं तो कुओं एवं ट्यूबवेलो की मोटरों की केबल गायब मिलती है। किसानों ने बताया कि एक कुएं की मोटर में लगने वाली विद्युत केबल की कीमत करीब 15 हजार रुपए तक होती है। ऐसे में एक बार केबल चोरी होने पर किसान को भारी आर्थिक नुकसान झेल